काम में तेजी | मेट्रो का संचालन करने के लिए 5 ट्रेन मुंबई पहुंचीं, दिसंबर से पहले 4 और ट्रेन आएंगी

मेट्रो-3 के ट्रैक बिछाने का काम 92% पूरा

■ वरिष्ठ संवाददाता, मुंबई

दिसंबर से मेट्रो सेवा शुरू करने के लिए मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएसआरसीएल) ने ट्रैक बिछाने का काम 92 प्रतिशत तक पूरा कर लिया है। आरे से बीकेसी के बीच मेट्रो का पहला फेस यात्रियों का स्वागत करने के लिए करीब 90 फीसदी तक तैयार हो चुका है। मेट्रो 3 कॉरिडोर पर तेजी से जारी निर्माण कार्य को देख कर लग रहा है कि एमएसआरसीएल दिसंबर से आरे से बीकेसी के बीच पहले चरण की मेट्रो सेवा शुरू करने के अपने दावे पर खरा उतरेगी। मेट्रो का संचालन शुरू करने के लिए मेट्रो की 5 ट्रेन मुंबई पहुंच चुकी हैं। एमएसआरसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अगले महीने से हर महीने में मेट्रो की रेक मुंबई आने लगेंगी। दिसंबर से पहले 9 ट्रेन यहां पहुंच जाएंगी। आरे से बीकेसी के बीच 9 ट्रेन के साथ सेवाएं शुरू की जाएंगी।

> आरे से बीकेसी के बीच 9 ट्रेन के साथ सेवाएं शुरू की जाएंगी

दो और ट्रेनें आईं

आरे कार डिपो में मेट्रो 3 के लिए दो और ट्रेनें आ गई हैं। अब तक कुल पांच ट्रेनें आ चुकी हैं। फेज 1 के लिए कुल नौ ट्रेनों की जरूरत है, बाकी चार अभी मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रिया में हैं।

कारशेड का काम भी तेज

मेट्रो के कोच के रखरखाव के लिए आरे में युद्धस्तर पर कारशेड का निर्माण कार्य चल रहा है। अब तक कारशेड तैयार करने का काम 65.5 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है। पिछले महीने आंध्र प्रदेश से मुंबई पहुंची मेट्रो ट्रेन को आरे में तैयार हो रहे कारशेड में ही उतरता गया था। आठ डिब्बों की ट्रेन की असेंबलिंग और टेस्टिंग का काम आरे में ही चल रहा है। अधिकारी के अनुसार, ट्रेन के रख-रखाव और संचालन के लिए दिसंबर तक कारशेड पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा। सितंबर तक कारशेड निर्माण के सभी मुख्य कार्य पूरे हो जाएंगे। मौजूदा समय में ओसीसी बिल्डिंग का स्ट्रक्चर तैयार कर लिया गया है। इस बिल्डिंग में वर्क शॉप, ट्रेनिंग रूम और डिपो कंट्रोल रूम होगा। वहीं ट्रेन वॉश प्लांट का काम पूरा कर लिया गया है। कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच मेट्रो 3 का निर्माण कार्य चल रहा है। अब तक पूरे प्रॉजेक्ट का निर्माण कार्य 82 फीसदी तक पूरा किया जा चुका है। मेट्रो के पहले फेज के साथ ही मेट्रो के दूसरे फेज पर भी तेजी से काम चल रहा है। बीकेसी से कफ परेड का दूसरे फेज भी 78 प्रतिशत तक तैयार हो चुका है। दिसंबर 2023 तक सेवाएं शुरू करने के लिए मेट्रो का ट्रायल रन चल रहा है। सरकार ने पहले चरण के तहत इस साल आरे से बीकेसी और जून 2024 तक पूरे रूट पर मेट्रो सेवाएं शुरू करने की योजना बनाई है।

आकार लेता विद्यानगरी स्टेशन